# राज्य सैनिक कल्याण, हिमाचल प्रदेश , हमीरपुर के झण्डा दिवस निधि लेखाओं का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन । अवधि 4/2004 से 3/2006

## भाग – एक

1. **गत अंकेक्षण प्रतिवेदन :–**

संस्था के गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों पर की गई कार्यवाही का अवलोकन करने के पश्चात नवीनतम स्थिति निम्न प्रकार से थी। अतः बकया अनिर्णीत पैरों के शीघ्र निपटारे हेतु आवश्यक कार्यवाही करके अनुपालना से इस विभाग को शीघ्र अवगत करवाया जाये।

(क) **अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/85 से 3/88**

पैरा 6(ई ) अनिर्णीत

(ख) **अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/92 से 3/93**

पैरा 5 निर्णीत

(ग) **अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/2000 से 3/2001**

पैरा 5(1) अनिर्णीत

(घ) **अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/03 से 3/04**

| | | |
|---|---|---|
| 1 पैरा | 3 | निर्णीत |
| 2 पैरा | 4 | निर्णीत |
| 3 पैरा | 5 | निर्णीत |
| 4 पैरा | 6 | निर्णीत |
| 5 पैरा | 7 | अनिर्णीत |

## भाग – दो

2. **वर्तमान अंकेक्षण :–**

राज्य सैनिक कल्याण , हिमाचल प्रदेश हमीरपुर, के झण्डा दिवस निधि के लेखाओं अवधि 4/2004 से 3/2006 तक का अंकेक्षण श्री विद्या सागर लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 30.8.2006 से 4.9.2006 तक हमीरपुर में किया गया । मास 7/04, 3/05, 10/05 व 2/06 के लेखाओं का चयन विस्तृत जांच हेतु किया गया । अंकेक्षण के परिणामों को अनुवर्ती पैरों में समाविष्ट किया गया है । अंकेक्षण के दौरान अनुवर्ती पैरों में दिखाये गए अभिलेख के अतिरिक्त समस्त अभिलेख समय पर उपलब्ध करवाया गया।

3 **अंकेक्षण शुल्क :–**

संस्था के सैनिक झण्डा दिवस निधि के लेखाओं अवधि 4/2004 से 3/2006 तक का अंकेक्षण शुल्क मु0 2500/– रू0 बनता था , निदेशक ,राज्य सैनिक कल्याण हिमाचल प्रदेश हमीरपुर को अंकेक्षण अधियाचना संख्या : 176 दिनांक 4.9.2006 के द्वारा , अंकेक्षण शुल्क की राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट के द्वारा 'परीक्षक, स्थानीय निधि लेखा , हिमाचल प्रदेश , शिमला – 9 को भेजने का अनुरोध किया गया। तदानुसार, संस्था ने अंकेक्षण शुल्क की राशि को स्टेट बैंक ऑफ पटियाला के बैंक ड्राफ्ट संख्या 275723 दिनांक 8.9.2006 के द्वारा परीक्षक, स्थानीय निधि लेखा , हिमाचल प्रदेश , शिमला – 9 को भेज दिया गया ।

4. **वितीय स्थिति :–**

**(क)** संस्था के झण्डा–दिवस निधि के लेखाओं अवधि 4/04 से 3/06 तक की पूर्ण एवं विस्तृत वितीय स्थिति का ब्यौरा निम्न प्रकार से था:–

| | 2004–2005 | 2005–2006 |
|---|---|---|
| प्रारम्भिक शेष | 1773174.04 | 1788297.51 |
| आय/प्राप्तियां | 390207.47 | 524296.95 |
| योग | 2163381.51 | 2312594.46 |
| व्यय(–) | 375084.00 | 538272.00 |

अन्तिम शेष 1788297.51 11774322.46

**(ख) <u>अन्तिम शेष का विवरण :-</u>**

उपरोक्त पैरा संख्या- 4(क) के अनुसार दिनांक 31.3.2006 को अन्तिम शेष मु0 1774322.46 रू0 था जिस का विस्तृत ब्योरा निम्न प्रकार से था :-

| | |
|---|---|
| 1. परिशिष्ट ''क'' के अनुसार विभिन्न बैंकों के बचत खातों में जमा राशि | 343072.46 |
| 2. परिशिष्ट ''ख के अनुसार विभिन्न बैंकों के सावधि जमा खातों में निवेश राशि | 1431250.00 |
| 3. हस्तागत राशि | -शुन्य- |
| योग | 1774322.46 |

5. **<u>निवेश :-</u>**

संस्था द्वारा इस निधि से विभिन्न बैंकों के सावधि जमा खातों में मु0 1431250/- रू0 का निवेश परिशिष्ट ''ख'' के अनुसार दिनांक 31.3.2006 को था। अतः इन निवेशों की परिपक्वता होने पर पुनः निवेश सुनिश्चित किया जाये तथा अतिरिक्त उपलब्ध धन राशि का निवेश भी सावधि जमा खातों में किया जाये । अनुपालना आगामी अंकेक्षण के दौरान दिखाई जाए।

6. **<u>भुगतान :-</u>**

**(क)** संस्था द्वारा निधि से नियमानुसार पात्र व्यक्तियों को वितीय सहायता प्रदान की जाती है जांच के दौरान पाया गया कि इन व्यक्तियों को भुगतान - वाउचर के द्वारा भुगतान कर दिया जाता है मगर इन की प्रविष्टी वितीय सहायता रजिस्टर में नहीं की जाती परिणाम स्वरूप जिस से पुनः भुगतान की सम्भावना रहती है । अतः तुरन्त प्रभाव से नियमानुसार वित्तीय सहायता रजिस्टर बनाया जाए तथा अनुपालना आगामी अंकेक्षण मे दिखाई जाए।

**(ख)** संस्था द्वारा निम्न विवरणानुसार किया गया व्यय हिमाचल प्रदेश , सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना संख्या 11-58/66- जी.ए.डी. दिनांक 19.10.1977 के अनुसार इस निधि पर उचित प्रभार नहीं

है । अतः अनाधिकृत तौर पर किए गए व्यय का औचित्य उपरोक्त अधिसूचना के दृष्टिगत स्पष्ट किया जाए अन्यथा इस व्यय की राशि को उचित स्त्रोत से निकाल कर इस निधि में जमा करवाया जाए या इस व्यय को सक्षम प्राधिकारी की कार्योतर स्वीकृति प्राप्त करके नियमित करवाया जाये तथा अनुपालना आगामी आगामी अंकेक्षण के दौरान दिखाई जाए।

| वाउचर सं. | दिनांक | राशि | विवरण |
|---|---|---|---|
| 11 | 21.9.2004 | 27966/- | कार्यालय के प्रयोग हेतु कम्पयूटर की खरीद के लिए डैै भ्पउबवउ म्दहपदममत हमीरपुर को भुगतान । |
| 18 | 5.2.2005 | 23/- | खान-पान हेतु हिमाचल प्रदेश पयद्रन विकास विभाग के होट्ल हमीरपुर , को किया गया भुगतान । |

7 **लघु आपत्ति विवरणिका :-**

संस्था को अंकेक्षण के दौरान कोई भी लघु आपत्ति विवरणिका जारी नहीं की गई है ।

8 **निष्कर्ष :-**

उपरोक्त आपत्तियों के अतिरिक्त इस निधि के लेखाओं का रख-रखाव सन्तोषजनक पाया गया ।

उप निदेशक,,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,

हि0प्र0 शिमला -171009

पृष्ठांकन संख्या : 14(23)/75 फिन (एल0ए0)खण्ड-12 दिनांक : शिमला -9

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :-

पंजीकृत :-

1. निदेशक , राज्य सैनिक कल्याण , हमीरपुर को इस आशय के साथ प्रेषित है कि वह इस अंकेक्षण प्रतिवेदन पर की गई कार्यवाही का सटिप्पण उतर इस विभाग को अतिशीघ्र भेजें ।

2. संयुक्त सचिव , सामान्य प्रशासन विभाग , हि0प्र0 , शिमला -2

उप निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,

हि0प्र0 शिमला